नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 आदेश की नाफरमानी पर न्यायिक अधिकारी नपे


6 शिक्षक गढ़ते कल का भारत


7 देश में घटी एलपीजी की खपत


8 विशेष ने 21-अंडर 259 के स्कोर से जीता खिताब

# भारत से कुछ नहीं छिपेगा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**श्रीहरिकोटा, 4 सितंबर. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने महत्वपूर्ण मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट ने सुबह 2:55 बजे उड़ान भरी और करीब 2,367 किलोग्राम वजनी ईओएस-05 उपग्रह को निर्धारित कक्षा में पहुंचाया.**

इस प्रक्षेपण के साथ ही करीब आठ महीने के अंतराल के बाद इसरो की बड़ी लॉन्चिंग हुई. यह जीएसएलवी की 19वीं उड़ान भी है. ईओएस--05 को जीआईएसएटी-1ए के नाम से भी जाना जाता है. यह जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट से पृथ्वी की इमेजिंग करने वाला उपग्रह है. लगभग 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई से यह भारतीय उपमहाद्वीप की निगरानी करेगा. जिससे पाकिस्तान समेत कई देशों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी. सामान्य रिमोट सेंसिंग उपग्रहों की तुलना में इसकी खासियत लगातार और कम अंतराल पर तस्वीरें उपलब्ध कराने की क्षमता है. ईओएस-05 पूरे भारतीय भूभाग की तस्वीर करीब हर 30 मिनट में उपलब्ध करा सकेगा. महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इमेजिंग का अंतराल करीब पांच मिनट तक किया जा सकता है.

### ईओएस-05 के साथ इसरो ने रचा नया इतिहास

**आपदा पर नजर**

इस क्षमता का सीधा लाभ आपदा प्रबंधन को मिल सकता है. बाढ़, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाओं पर तेजी से नजर रखी जा सकेगी. प्रशासन को राहत-बचाव से जुड़े फैसले लेने में मदद मिलने की उम्मीद है.

## जीएसएलवी-एफ17 के साथ ईओएस-05 मिशन

**मुख्य जानकारी**

1. **2,367 किलोग्राम** ईओएस-05 उपग्रह का वजन
2. **2:55 बजे** प्रक्षेपण का समय
3. **19वीं उड़ान** जीएसएलवी की 19वीं उड़ान
4. **51.7 मीटर** जीएसएलवी-एफ17 की ऊंचाई
5. **420.5 टन** प्रक्षेपण के समय रॉकेट का वजन
6. **करीब 36,000 किमी** भू-समकालिक कक्षा की ऊंचाई
7. **30 मिनट** पूरे भारत की तस्वीर दोबारा उपलब्ध कराने का अंतराल
8. **5 मिनट** महत्वपूर्ण क्षेत्रों की तस्वीर लेने का संभावित अंतराल
9. **700 मिलीमीटर** उपग्रह में लगे टेलीस्कोप का आकार
10. **10 साल** ईओएस-05 की अनुमानित डिजाइन अवधि
11. **3 चरण** जीएसएलवी-एफ17 की संरचना
12. **4 स्ट्रैप-ऑन मोटर** रॉकेट में लगे अतिरिक्त बूस्टर



14. **2021** जीएसएलवी-एफ10/ईओएस-03 मिशन में क्रायोजेनिक चरण की समस्या
15. **2 से 24 दिन** पारंपरिक रिमोट-सेंसिंग उपग्रहों में कई क्षेत्रों के दोबारा इमेजिंग अंतराल का दायरा
16. **30 मिनट बनाम 2-24 दिन** ईओएस-05 की लगातार निगरानी क्षमता का बड़ा अंतर

**भू-समकालिक पृथ्वी निगरानी में भारत की स्थिति**

**अमेरिका और चीन के बाद भारत**

भारत इस क्षमता वाले चुनिंदा देशों में शामिल

**इस क्षमता वाले प्रमुख देश**

| | |
|---|---|
| अमेरिका | GOES |
| चीन | फेंगयुन-4 |
| भारत | EOS-05 |
| जापान | हिमावरी |
| दक्षिण कोरिया | जियो-कोम्पसैट-2A |
| यूरोप | मेटियोसैट |

**लागत (परियोजना और मिशन)**


| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹392 करोड़ | ₹450 करोड़ के आसपास | ₹83.62 करोड़ | ₹9.9 करोड़ |
| जीआईएसएटी परियोजना की स्वीकृत लागत | ईओएस-05 मिशन की कुछ रिपोर्टों में अनुमानित कुल लागत | मार्च 2015 तक जीआईएसएटी परियोजना पर खर्च | मार्च 2012 तक परियोजना पर खर्च |

# सीमांकन से पहले खोला भदभदा, कलेक्टर अनजान

## निगम ने एनजीटी के आदेश को भी किया दरकिनार

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 4 सितंबर. बड़े तालाब में कैचमेंट के सर्वे होने से पहले ही तालाब का पानी निकालने के लिए निगम ने भदभदा का एक गेट खोल दिया. जबकि प्रशासन बड़े तालाब का एफटीएल होने का विगत दो महीने से इंतजार कर रहा था. इस गेट को खोलने से पहले निगम ने कैचमेंट के सर्वे से जुड़े अधिकारियों को सूचना देना भी उचित नहीं समझा.**



कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बताया कि गेट खोलने कोई सूचना नहीं दी गई. तालाब के कैचमेंट में ड्रोन के साथ तकनीकी से एफटीएल की सीमा निर्धारित करने के लिए नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया को भी निगम ने सूचित नहीं किया. नोडल अधिकारी ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे इसके सर्वे को लेकर सभी 11 सदस्यों के साथ बैठक की जाना है. उसमें तालाब के एफटीएल और उसके सर्वे पर चर्चा की जाएगी. तालाब से अतिक्रमण को हटाने के लिए यह सर्वे होना जरूरी है. अब गेट खोल दिया गया है तो अभी सर्वे संभव नहीं है.

**निगम के निर्णय पर सवाल**

जिस तरह से निगम ने बिना किसी अधिकारी को सूचना दिए भदभदा के गेट खोले हैं, उससे लगता है कि कहीं न कहीं कैचमेंट में रसूखदारों के अतिक्रमण को बचाने की कोशिश की जा रही है. इससे पहले भी एफटीएल होने से पहले गेट खोलने के आरोप निगम पर लगते रहे हैं.

**फिर करना होगा इंतजार**

अगर एफटीएल नहीं हुआ है या गेट खोलने से एफटीएल से पहले ही तालाब का पानी निकाला जा रहा है तो फिर प्रशासन को बारिश का इंतजार करना होगा. उसके बाद ही केचमेंट की सीमा निर्धारण हो सकेगा.

# मेंटेनेंस ठेकेदार का जिम्मा, तो नया ठेका क्यों?

**कमलापति फ्लाईओवर मामले में हाईकोर्ट ने टेंडर रोका**

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 4 सितंबर. हाईकोर्ट ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने बने फ्लाईओवर के रखरखाव को लेकर सरकार को कड़ी फटकार लगाई .**

मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने सवाल किया कि जब संबंधित काम ठेकेदार की जिम्मेदारी में शामिल है और वह इसे बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के करने के लिए बाध्य है, तो सरकार इसके लिए 4.69 करोड़ रुपये का नया टेंडर क्यों जारी कर रही है. हाईकोर्ट ने फ्लाईओवर निर्माण करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश पर रोक लगा दी. साथ ही रखरखाव के लिए जारी 4.69 करोड़ रुपये के नए टेंडर की प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी है. हालांकि कोर्ट ने याचिकाकर्ता ठेकेदार को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को अपनी जिम्मेदारी के तहत दूर करे और अगली सुनवाई में इसकी रिपोर्ट पेश करे.

**टेंडर के लिए पैसा है, स्कूल और अस्पतालों के लिए नहीं**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे कामों के लिए सरकार के पास पैसा है, लेकिन जब स्कूल भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कोर्ट भवन के निर्माण की बात आती है तो पैसे की कमी बताई जाती है. हाईकोर्ट में वीवायएससी इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड की ओर से याचिका दायर की गई थी. याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ और अधिवक्ता रोहित शर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी ने हबीबगंज स्टेशन के सामने फ्लाईओवर का निर्माण किया है.

### योजना के इंतजार में फंड लैप्स न होने दें : सुको

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह यह सुनिश्चित करे कि राज्यों में पहले से उपलब्ध फंड का इस्तेमाल पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों को दूर करने के लिए किया जाए, न कि इस फंड को तब तक बेकार पड़ा रहने दिया जाए जब तक केंद्र पुलिस आधुनिकीकरण की नई योजना पर काम कर रहा है. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच देश भर के पुलिस स्टेशनों में चालू सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े स्वत: संज्ञान वाले मामले की सुनवाई कर रही है.

## एक नजर में

### जाफर सादिक की जमानत पर ईडी को सुको से झटका

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने तमिल फिल्म निर्माता जाफर सादिक को जमानत के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया. यह मामला वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी जांच के तहत कार्यवाही से संबंधित है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाओं को खारिज किए जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसका आदेश भविष्य के मामलों में मिसाल के तौर पर इस्तेमाल किया जाए.

### एफबीआई का वांटेड ठग जालंधर में गिरफ्तार

**जालंधर.** अमेरिका की सरकारी खाद्य सहायता योजना स्नैप में वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में वांछित मंजीत सिंह बेदी को जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है. अमेरिकी जांच एजेंसियों की तलाश में शामिल बेदी पर मार्च 2024 से जून 2025 के बीच धोखाधड़ी कर अमेरिकी सरकार को कम से कम 6 लाख डॉलर, यानी करीब 5.3 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है.

### हमले में पाकिस्तानी सेना के 25 जवान मारे गए

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को पाकिस्तानी सेना के एक काफिले को निशाना बनाए जाने का मामला सामने आया है. बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया है कि जियारत क्रॉस पर की गई कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 25 जवान मारे गए. संगठन ने दो सैन्य वाहनों को नष्ट करने की बात भी कही है.

# भोपाल का मास्टर प्लान तैयार, कभी भी घोषणा

## नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सीएम को भेजा प्रारंभिक मसौदा

**वर्षों का लंबा इंतजार अब जल्दा होगा खत्म**

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 4 सितंबर. पिछले दो दशक से भी अधिक समय से इंतजार कर रहे राजधानीवासियों को बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार अब पूरी होने जा रही है.**




नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने भोपाल मास्टर प्लान के प्रारंभिक मसौदे को अंतिम रूप दे दिया है. मसौदा मुख्यमंत्री सचिवालय भेज दिया गया है. ऐसे में अब भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर कभी भी बड़ी घोषणा की जा सकती है और इसके प्रारंभिक प्रकाशन की तिथि तय की जा सकती है. मिले संकेतों के मुताबिक यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा और कोई तकनीकी पेंच आड़े नहीं आया तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इस संबंध में बड़ी घोषणा कर सकते हैं. वे शनिवार को ही दुबई जाने वाले हैं.

यदि कोई पेंच आया तो फिर अगले सप्ताह दुबई से वापसी के बाद ऐलान करेंगे. इधर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे अब भी दिल्ली में ही हैं. बताया जा रहा है कि मास्टर प्लान और सीलिंग मामले में 15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखने को उन्होंने कानूनी परामर्श कर लिया है. इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी शुक्रवार को सीलिंग मामले और भोपाल मास्टर प्लान को लेकर बड़ा संकेत दिया. उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मीडिया से चर्चा में कहा कि पर्वों और त्यौहारों के बीच हम सभी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है.

### सोनिया गांधी की किताब हर्परकलिंग से होगी प्रकाशित

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बहुप्रतीक्षित संस्मरण 'बिलोंगिंग- अ जर्नी ऑफ़ लव'' के प्रकाशन को लेकर तस्वीर साफ हो गई है. हार्परकॉलिन्स इंडिया ने घोषणा की कि वह सोनिया गांधी की इस किताब को प्रकाशित करेगा. संस्मरण 10 नवंबर 2026 को बाजार में उपलब्ध होगा. यह घोषणा पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के किताब प्रकाशित करने के फैसले से पीछे हटने के कुछ दिनों बाद हुई है.






# श्रीनगर एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान पोल से टकराया

नवभारत न्यूज

**श्रीनगर, 4 सितंबर. जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुबह नवी मुंबई से पहुंची इंडिगो की फ्लाइट 6ई 225 पार्किंग के दौरान वीडीजीएस पोल से टकरा गई. इस विमान का पंजीकरण वीटी-एनओजी बताया गया है. घटना सुबह करीब 9:02 बजे की है.**

एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, विमान बे नंबर 06 पर पार्क किया जा रहा था, तभी वह उस पोल से जा भिड़ा, जिस पर विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम की डिस्प्ले यूनिट और उससे जुड़े लेजर या कैमरा सेंसर लगे हुए थे. टक्कर के कारण विमान के अगले हिस्से को मामूली क्षति पहुंची. हालांकि, विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. घटना के बाद सभी लोगों को सुरक्षित तरीके से विमान से बाहर निकाला गया.

**गांजा पीकर उड़ा रहा था फ्लाइट**

दोनों डोप टेस्ट में दोषी पाए जाने के बाद एयर इंडिया ने फुकेत से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट ए 12379 के पायलट को नौकरी से निकाल कर दिया है. इस फ्लाइट में ओडिशा के ऊपर 300 फीट की ऊंचाई अचानक कम हो गई थी.

**9 फ्लाइट डॉयवर्ट**

राजधानी में हुई भारी बारिश का असर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी पड़ा. खराब मौसम के कारण नौ उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा, जबकि 400 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित हुईं.

# 280 चुनाव लड़ 'धरतीपकड़' ने 97 की उम्र में छोड़ी धरती



**इंदिरा से लेकर राजीव गांधी और वाजपेयी-आडवाणी तक के खिलाफ उतरे मैदान में**

नवभारत न्यूज

**भागलपुर, 04 सितंबर. देश की चुनावी राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने वाले नागरमल बाजोरिया उर्फ 'धरतीपकड़' का 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया.**

पटना के पीएमसीएच में इलाज के दौरान गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली. भागलपुर के बरारी घाट पर शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया. बाजोरिया ने अपने जीवन में कुल 280 चुनाव लड़े. नगर निकाय के वार्ड चुनाव से लेकर राष्ट्रपति पद तक के अलग-अलग चुनावों में उन्होंने नामांकन दाखिल किया. हालांकि किसी भी चुनाव में जीते नहीं. चुनाव उनके लिए एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी दर्ज कराने का जरिया था.

# गिरफ्तारी के लिए सीजेपी ने घेरा थाना

**नीशू आजाद के पिता से मारपीट का मामला**

नवभारत न्यूज

**नई दिल्ली, 04 सितंबर. जंतर-मंतर पर 23 जून को हुई मारपीट के मामले में शुक्रवार को कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर करीब तीन घंटे प्रदर्शन किया.**

पार्टी कार्यकर्ताओं ने नीशू आजाद के पिता संजय कुमार के साथ कथित मारपीट के आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की. प्रदर्शन के दौरान सीजेपी प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों के बीच बातचीत हुई. सीजेपी की ओर से कहा गया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित संबंधित कानूनी धाराएं लगाने और 72 घंटे के भीतर गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है.



**प्रदर्शन के बाद स्वतंत्र भारद्वाज गिरफ्तार**

कॉकरोच जनता पार्टी कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता के साथ मारपीट करने वाले स्वतंत्र भारद्वाज उत्तर प्रदेश के बुलंद शहर से पकड़े गए. फिलहाल दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है. पकड़े जाने से पहले स्वतंत्र ने हसनपुर में मीडिया से करीब 3 मिनट तक बात की और कहा- मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता. दरअसल नीशू का आरोप था कि 23 जून को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान उनके पिता संजय के साथ मारपीट की गई.

**चमत्कार** तबाही के 10वें दिन सुरंग के मलबे से दो लोग जिंदा निकले, सुनाई दे रहीं और आवाजें

# कृष्णा को किया याद, जन्माष्टमी पर मिली नई जिन्दगी

**काठमांडू, 4 सितम्बर ( एजेंसी ). नेपाल में 26 अगस्त की विनाशकारी फ्लैश फ्लड के नौ दिन बाद त्रिशूली-3ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग से दो लोगों को जिंदा बाहर निकाला गया. रेस्क्यू टीम ने मैकेनिकल फोरमैन संजय साह और मैकेनिकल सुपरवाइजर कबीर महार्जन को सुरक्षित निकाला.**

त्रिशूली-3ए हाइड्रोपावर स्टेशन में कई मजदूरों के फंसे होने की जानकारी सामने आई थी. उसके बाद लगातार रेस्क्यू चल रहा है.



सुरंग से बाहर आने के बाद 30 वर्षीय संजय साह ने बताया कि मुश्किल हालात में हिम्मत बनाए रखने के लिए सुरंग के भीतर लगातार 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप किया. संयोग से उन्हें जन्माष्टमी के दिन सुरक्षित बाहर निकाला गया. संजय नेपाल विद्युत प्राधिकरण में फोरमैन हैं.

**तबाह इलाकों में बसाहट के लिए बनाने होंगे 20 हजार घर**

तिब्बत में 26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने से नेपाल में आई बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हुए हैं. अधिकारियों के अनुसार लापता लोगों को बसाने के लिए तबाह हुए इलाकों में 20 हजार घर फिर से बनाने होंगे. बाढ़ के कारण नेपाल में अब तक लगभग 1259 लोगों की मौत हुई है, जबकि 5000 से अधिक लापता हैं. पनविद्युत परियोजनाओं से जुड़ी सुरंगों में फंसे मजदूरों की तलाश में बचाव दल जुटे हुए हैं.

## गुस्ताखी माफ




# चित्रकूट में मंदाकिनी ने मचाई तबाही

## प्राचीन तुलसीदास मंदिर क्षतिग्रस्त, रामघाट पर हुआ भारी नुकसान

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 4 सितंबर. यूपी के चित्रकूट में मूसलाधार बारिश से मंदाकिनी में आई बाढ़ में सब कुछ तहस-नहस कर डाला. मंदाकिनी खतरे के निशान से नीचे उतरी तो बर्बादी का वह भयावह मंजर दिखा, जिसने धर्मनगरी को कई साल पीछे धकेल दिया.**



रामघाट में गोस्वामी तुलसीदास का मंदिर मंदाकिनी के वेग में खंडित हो गया. यही नहीं ऊपरी हिस्सा मंदाकिनी में ही समा गया. आरती स्थल भी पूरी तरह बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है. वहीं हनुमान मंदिर पूरी तरह टूट गया. इसके अलावा रामघाट में ज्यादातर दुकानों व मकानों के शटर व दरवाजे उखड़कर मंदाकिनी की बाढ़ में समा गए हैं. पूरे रामघाट में सिर्फ मलबा ही नजर आ रहा है, जिसे हटाने में टीमें पसीना छोड़ रही हैं. बता दें कि 29 अगस्त को लाल निशान से साढ़े आठ मीटर ऊपर पहुंची मंदाकिनी ने जमकर तबाही मचाई.